
# विज्ञान केंद्र में विजेता बालिकाओं को बांटे पुरस्कार

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधानसभा की निधि लेखा समिति के सभापति ने किया सम्मानित

**दिव्य हिमाचल टीम – पालमपुर**

पालमपुर विज्ञान केंद्र में 'अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र में कुछ शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इसी कड़ी में केंद्र के संग्रहाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक रामस्वरूप ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, कला एवं गणित एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में बालिकाओं एवं महिलाओं के योगदान एवं अवसरों के विषय में जानकारी साझा की। एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को प्रदेश विधानसभा की स्थानीय निधि लेखा समिति के सभापति इंद्रदत्त लखनपाल व समिति के सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इंद्रदत्त लखनपाल, सतपाल सिंह सत्ती, राजेंद्र राणा, होशियार सिंह, डीएस ठाकुर, केवल सिंह पठानिया, पूर्ण चंद ठाकुर, कुलदीप सिंह राठौर और हरीश जनारथा ने केंद्र की विज्ञान दीर्घाओं एवं अन्य सुविधाओं का भ्रमण किया।



कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. डीके वत्स, एसडीएम डा. अमित गुलेरिया एवं डीएफओ नितिन पाटिल ने प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी की विजेता बालिकाओं को पुरस्कार स्वरूप ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में जवाहर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, चौबीन य सिक्स्थ सेन्स पब्लिक स्कूल, बैजनाथ व मरहूं स्कूल एवं राजपुर स्कूल के लगभग 164 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभागिता दर्ज की।

# प्रश्नोत्तरी में विजेता बालिकाओं को ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें दी



कृषि विश्वविद्याल पालमपुर में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी पदाधिकारियों व अतिथियों के साथ ● जागरण

**संवाद सहयोगी, पालमपुर** : विज्ञान केंद्र पालमपुर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया पर कार्यक्रम हुए। केंद्र के संग्रहाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक राम स्वरूप ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, कला व गणित से संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान पर जानकारी साझा की। इसके बाद विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान से विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को सभी के समक्ष बड़ी सरलता से समझाया। ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी की विजेता बालिकाओं को हिमाचल प्रदेश विधानसभा की स्थानीय निधि लेखा समिति के सभापति इंद्रदत्त लखनपाल, समिति सदस्यों ने पुरस्कृत किया। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति डा. डीके वत्स, पालमपुर के उपखंड अधिकारी डा. अमित गुलेरिया व नितिन पाटिल, प्रभागीय वन अधिकारी पालमपुर ने भी प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया।

Home About Contact

TICKER पालमपुर विज्ञान केन्द्र में किया गया 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' का आयोजन कांगड़ा

HIMACHAL FAST TV


LAL CHAND & SONS SA
सोने व चांदी के जेवर गारन्टी शुदा एवं नये डिजाइनो मे तैयार किए ज
कृष्णा मार्केट उतराला रोड पपरोला जिला कांगड़ा (हि. प्र
9816336263, 9816312004, 981603626

# पालमपुर विज्ञान केन्द्र में किया गया 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' का आयोजन


*<u>पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अंतर्गत कुछ शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया</u>*

*<u>पालमपुर,रिपोर्ट प्रवीण शर्मा</u>*

*पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अंतर्गत कुछ शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। ज्ञातव्य रहे कि विश्व प्रकृति संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने और जनता के मध्य जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से इसका वैश्विक स्तर पर आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक श्री राम स्वरूप ने कार्यक्रम की प्रस्तावना और सार्थकता पर चर्चा की एवं पालमपुर विज्ञान केन्द्र द्वारा जन सामान्य, विशेषकर विद्यार्थियों के मध्य वैज्ञानिक चेतना के प्रसार एवं विज्ञान के प्रति रुचि संवर्धन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों से दर्शकों को अवगत कराया। इसके उपरांत दर्शकों के लिए एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान का आयोजन किया गया।*



इसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में चल रहे प्रकृति संरक्षण के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। जुजुराना, हिमतेंदुआ जैसे हिमाचल के राजकीय पहचान से जुड़े जीवों के संरक्षण से लेकर कवक, कीट व पादप संपदा के संवर्धन एवं संरक्षण के प्रयासों एवं उपायों तथा राज्य के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई कुक्कुट की उन्नत किस्म 'हिमसमृद्धि' तक की जानकारी दर्शकों को दी गई। प्रकृति संरक्षण की शपथ के साथ ही इस व्याख्यान को विराम दिया। तत्पश्चात, दर्शकों के लिए एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972, हिमाचल प्रदेश के जैविक राजकीय चिन्ह, संरक्षित क्षेत्र एवं राष्ट्रीय उद्यान, आर्द्रभूमि, उन्नत किस्में, प्रमुख वैज्ञानिकी एवं तकनीकी संस्थान इत्यादि के विषय में प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाले दर्शकों को यथास्थान पुरस्कृत किया गया।




इस कार्यक्रम में पालमपुर एवं आस पास के क्षेत्रों के प्रतिष्ठित राजकीय एवं पब्लिक स्कूलों जैसे शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बनुरी; धौलाधार आर्मी प्राइमेरी स्कूल; दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल; ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल; राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, डरोह इत्यादि विद्यालयों के लगभग 56 विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों तथा आम दर्शकों ने प्रतिभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को ई-प्रतिभागिता प्रमाणपत्र वितरण के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

SOCIAL PLUGIN
Facebook
Instagram

AD SPACE

POPULAR POSTS
510 लाख से
बुटेल
नव चयनित
प्राकृतिक खे
रिज़ल्ट के इ
रही है युवा
ठाकुर

SUBSCRIBE US
How To Des

LABELS

# प्रेस विज्ञप्ति

आज पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में हमारे अपने ग्रह के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए पालमपुर विज्ञान केन्द्र, पालमपुर (राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद की एक इकाई) द्वारा कुछ शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन केन्द्र परिसर में किया गया। इन्हीं के अंतर्गत पालमपुर विज्ञान केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक, श्री राम स्वरूप ने एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को पृथ्वी दिवस का इतिहास, इसका महत्व तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव तथा इसकी गति काम करने के लिए अपनी जीवन शैली में किस तरह के बदलाव किये जायें एवं इससे होने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। पृथ्वी एवं इसके वातावरण को संरक्षित करने संकल्प के साथ उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया। इसके पश्चात 'अतिशीतित द्रवों के साथ पदार्थों की पारस्परिक क्रिया' विषय पर एक विज्ञान प्रदर्शन के द्वारा विद्यार्थियों एवं आम जनता को तरल नाइट्रोजन के साथ विभिन्न पदार्थों जैसे फूल-पत्तियों, रबड़, गुब्बारे आदि की क्रिया को रोचक ढंग से प्रदर्शित किया गया जिससे उनका बहुत मनोरंजन हुआ। तद्पश्चात एक चित्रकला प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता दर्ज की एवं उन्होंने बहुत ही सुंदर एवं संदेशप्रद चित्र बनाएँ। अंत में सभी दर्शकों एवं विद्यार्थियों के लिए ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें पृथ्वी एवं पर्यावरण, नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधन, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इत्यादि विषयों पर प्रश्न पूछे गए। इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता एवं स्वच्छ भारत से संबंधित डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया तथा प्रतिभागियों से स्वच्छता संबंधी प्रश्नोत्तरी की गई। कार्यक्रम में पालमपुर और आस पास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों जैसे सेंट पॉल, पालमपुर ; अनुराधा पब्लिक स्कूल, मरंडा ; शाइनिंग स्टार ग्लोबल स्कूल, साईथुरल; जवाहर नवोदय विद्यालय, काँगड़ा; माउंट कार्मल स्कूल, ठाकुरद्वारा से आए 81 विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं सुधिजनों ने शिरकत की। पृथ्वी को भी एक जीवित जीव के रूप में देखने एवं इसके साथ हो रहे अत्याचरों जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, तेजी से पिघलते ग्लेशियरों, समुद्र स्तर का बढ़ना आदि पर पर लगाम लगा कर आम जन मानस को पृथ्वी की व्यथा के प्रति अवगत करवाने की प्रतिज्ञा के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनाँक 29 अप्रैल 2023 को पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों से आए स्वयं सेवकों एवं प्रशिक्षु छात्र– छात्राओं हेतु विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अमित गुलेरिया, उपमण्डल न्यायाधीश, पालमपुर ने अपने उद्बोधन में विश्व चिकित्सा दिवस की सार्थकता को इंगित करते हुए पशु चिकित्सा एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सेवाभाव एवं निष्ठाभाव के साथ जुड़कर समाज के उत्थान एवं विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। "हिमाचल प्रदेश में पशुपालन: आर्थिक परिदृश्य' पर अपने वक्तव्य में डॉ अमित गुलेरिया ने पशुपालन और उससे जुड़े व्यवसायों के प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया और टिकाऊ विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पशुपालन, कृषि एवं बागवानी जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। पशु चिकित्सा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष श्री राम स्वरूप ने उपस्थित दर्शकों को हिमाचल प्रदेश में पशुधन के महत्व, देशी व विदेशी नस्लों के लाभ व दुग्ध उत्पादन क्षमताओं के विषय पर एक संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात समस्त दर्शकों के लिए एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इस प्रश्नोत्तरी में, हिमाचल प्रदेश में पशुधन, जीव विज्ञान संबंधी सामान्य शब्दावली, घरेलू पशुओं के वैज्ञानिक नाम एवं उनसे जुड़ी हुई कुछ रोचक जानकारियाँ इत्यादि पर प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले दर्शकों को यथास्थान पुरस्कृत किया गया। जिला कांगड़ा एवं अन्य जिलों के विभिन्न विद्यालयों एवं पशु चिकित्सा संस्थानों जैसे- शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट विद्यालय, बनुरी; बंशीलाल मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान, सरकाघाट; विद्यावती मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान, नूरपुर; स्वामी श्री विवेकानंद पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान सुंदरनगर एवं ठाकुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ढलियारा से आए लगभग 105 विद्यार्थी, प्रशिक्षु, स्वयं सेवक एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।




# Devbhumi LIVE T.V. देव भूमि लाइव टीवी

@devbhumilivetv · 3.7 3 reviews · News & media website

Following

Home Groups Reviews Videos More ▾ Liked


Devbhumi LIVE T.V. देव भूमि लाइव टीवी
17h ·

पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर किया गया विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन

पालमपुर/ सचिन अग्रवाल

दिनाँक 29 अप्रैल 2023 शनिवार को पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों से आए स्वयं सेवकों एवं प्रशिक्षु छात्र– छात्राओं हेतु विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अमित गुलेरिया, उपमण्डल न्यायाधीश, पालमपुर ने अपने उद्बोधन में विश्व चिकित्सा दिवस की सार्थकता को इंगित करते हुए पशु चिकित्सा एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सेवाभाव एवं निष्ठाभाव के साथ जुड़कर समाज के उत्थान एवं विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। "हिमाचल प्रदेश में पशुपालन: आर्थिक परिदृश्य' पर अपने वक्तव्य में डॉ अमित गुलेरिया ने पशुपालन और उससे जुड़े व्यवसायों के प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया और टिकाऊ विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पशुपालन, कृषि एवं बागवानी जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। पशु चिकित्सा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष श्री राम स्वरूप ने उपस्थित दर्शकों को हिमाचल प्रदेश में पशुधन के महत्व, देशी व विदेशी नस्लों के लाभ व दुग्ध उत्पादन क्षमताओं के विषय पर एक संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया । इसके पश्चात समस्त दर्शकों के लिए एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई । इस प्रश्नोत्तरी में, हिमाचल प्रदेश में पशुधन, जीव विज्ञान संबंधी

एवं पशु चिकित्सा संस्थानों जैसे- शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट विद्यालय, बनुरी; बंशीलाल मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान, सरकाघाट; विद्यावती मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान, नूरपुर; स्वामी श्री विवेकानंद पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान सुंदरनगर एवं ठाकुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ढलियारा से आए लगभग 105 विद्यार्थी, प्रशिक्षु, स्वयं सेवक एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।



3 1 share

Like Comment Share

Write a comment...

OTHER POSTS

**Devbhumi LIVE T.V. देव भूमि लाइव टीवी**
17h ·


जोगिंद्रनगर/शिव कुमार
जोगिंद्रनगर विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता अनिल धरवाल ने टिक्कर, भराड़ू,मछ्याल,अनुभाग के अधीन आने वाले उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि कल एक मई को 33केवी फिडर बस्सी , मकरीड़ी की मरम्मत के कार्य के कारण सुबह 9:30 से शाम 5:30 तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । जिससे बिहुं,टिक्कर,

## पशुपालन व उससे जुड़े व्यवसायों का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान : एसडीएम

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित

सवेरा न्यूज/जसवंत कठियाल

पालमपुर, 29 अप्रैल : विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विद्यार्थियों एवं विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों से आए स्वयं सेवकों एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न शैक्षणकि गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्र म के मुख्य अतिथि एसडीएम पालमपुर डा. अमति गुलेरिया ने अपने उद्बोधन में विश्व चिकित्सा दिवस की सार्थकता को इंगित करते हुए पशु चिकित्सा एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सेवाभाव एवं निष्ठाभाव के साथ जुड़कर समाज के उत्थान एवं विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। हिमाचल प्रदेश में पशुपालनः आर्थिक परिदृश्य पर अपने वक्तव्य डा. अमति गुलेरिया ने पशुपालन और उससे जुड़े व्यवसायों के प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया और टिकाऊ विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पशुपालन, कृषि एवं बागवानी जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रश्नोत्तरी में, हिमाचल प्रदेश में पशुधन, जीव विज्ञान संबंधी सामान्य शब्दावली, घरेलू पशुओं के वैज्ञानिक नाम एवं उनसे जुड़ी हुई कुछ रोचक जानकारियां इत्यादि पर प्रश्न पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले दर्शकों को यथास्थान पुरस्कृत किया गया। जिला कांगड़ा एवं अन्य जिलों के विभिन्न विद्यालयों एवं पशु चिकित्सा संस्थानों, शहीद-मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट विद्यालय, बनुरी, बंशीलाल मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान, सरकाघाट विद्यावती मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट् संस्थान, नूरपुर स्वामी विवेकानंद पशु चिकित्सा फार्मासिस संस्थान सुंदरनगर एवं ठाकुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ढलियारा से आए लगभग 105 विद्यार्थी, प्रशिक्षु, स्वयं सेवक एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्र म में प्रतिभागिता रही।



कार्यक्रम में प्रतिभागी एवं मुख्यतिथी सम्बोधन करते हुए।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर स्टूडेंट्स के लिए शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित

पालमपुर। पालमपुर विज्ञान केंद्र में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों से आए स्वयं सेवकों एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डॉ. अमित गुलेरिया, उपमंडल न्यायाधीश, पालमपुर ने कहा कि विश्व चिकित्सा दिवस की सार्थकता को इंगित करते हुए पशु चिकित्सा एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सेवाभाव एवं निष्ठभाव के साथ जुड़कर समाज के उत्थान एवं विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। हिमाचल प्रदेश में पशुपालन आर्थिक परिदृश्य पर अपने वक्तव्य में डॉ. अमित गुलेरिया ने पशुपालन और उससे जुड़े व्यवसायों के प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया और टिकाऊ विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पशुपालन, कृषि एवं बागवानी जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। पशु चिकित्सा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए केंद्र के संग्रहाध्यक्ष राम स्वरूप ने उपस्थित दर्शकों को हिमाचल प्रदेश में पशुधन के महत्व, देशी व विदेशी नस्लों के लाभ व दुग्ध उत्पादन क्षमताओं के विषय पर एक संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात समस्त दर्शकों के लिए एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।

HIMACHAL FAST TV

Responsive Advertisement




# पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन

Parveen kumar April 29, 2023

***पालमपुर, रिपोर्ट***

*पालमपुर विज्ञान केन्द्र में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों से आए स्वयं सेवकों एवं प्रशिक्षु छात्र- छात्राओं हेतु विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अमित गुलेरिया, उपमण्डल न्यायाधीश, पालमपुर ने अपने उद्बोधन में विश्व चिकित्सा दिवस की सार्थकता को इंगित करते हुए पशु चिकित्सा एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सेवाभाव एवं निष्ठाभाव के साथ जुड़कर समाज के उत्थान एवं विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया।*





"हिमाचल प्रदेश में पशुपालन: आर्थिक परिदृश्य' पर अपने वक्तव्य में डॉ अमित गुलेरिया ने पशुपालन और उससे जुड़े व्यवसायों के प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान को रेखांकित किया और टिकाऊ विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पशुपालन, कृषि एवं बागवानी जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। पशु चिकित्सा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष श्री राम स्वरूप ने उपस्थित दर्शकों को हिमाचल प्रदेश में पशुधन के महत्व, देशी व विदेशी नस्लों के लाभ व दुग्ध उत्पादन क्षमताओं के विषय पर एक संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

SOCIAL PLUGIN

Facebook Twitte
Rss Pinter
Instagram VKont
YouTube Rss

AD SPACE

Responsive Advertisement




TECHNOLOGY

Error: No Posts Found ☹

इसके पश्चात समस्त दर्शकों के लिए एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई । इस प्रश्नोत्तरी में, हिमाचल प्रदेश में पशुधन, जीव विज्ञान संबंधी सामान्य शब्दावली, घरेलू पशुओं के वैज्ञानिक नाम एवं उनसे जुड़ी हुई कुछ रोचक जानकारियाँ इत्यादि पर प्रश्न पूछे गए । प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले दर्शकों को यथास्थान पुरस्कृत किया गया । जिला कांगड़ा एवं अन्य जिलों के विभिन्न विद्यालयों एवं पशु चिकित्सा संस्थानों जैसे- शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट विद्यालय, बनुरी; बंशीलाल मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान, सरकाघाट; विद्यावती मेमोरियल पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान, नूरपुर; स्वामी श्री विवेकानंद पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संस्थान सुंदरनगर एवं ठाकुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ढलियारा से आए लगभग 105 विद्यार्थी, प्रशिक्षु, स्वयं सेवक एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।




Tags: कांगड़ा हिमाचल

Facebook Twitter

‹ OLDER
कांग्रेस सुख की नही झूठ की सरकार

NEWER ›
हिम विज्ञान सम्मेलन ने मनाया 11वां फाउंडेशन दिवस

## POST A COMMENT

*0 Comments*

To leave a comment, click the button below to sign in with Google.

SIGN IN WITH GOOGLE

हिमाचल

## हिम विज्ञान सम्मेलन ने मनाया 11वां फाउंडेशन दिवस

Parveen kumar April 30, 2023

धर्मशाला के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के मांग को पूरा करते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत कण्ड करडीयाना में खेल स्टेडियम के निर्माण लिए 25 लाख व ग्राम पंचायत नरवाना खास लाख रुपए की पहली किस्त जारी करवा दी है, जिससे तीनों पंचायतों में शीघ्र ही खेल स्टेडियमों का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।


किया जाएगा व मणिमहेश यात्रा के मद्देनजर भरमौर में न ए हैलीपेड के लिए भी जगह तलाश ली गई है व वजट का भी प्रावधान कर लिया गया है व पलाणी पुल का निर्माण कार्य भी

उनके साथ व्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भरमौर भजन ठाकुर, युवा कांग्रेस नेता चंद्रमणि कुलेठी,पवन शर्मा व अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे

# अपने ग्रह पर संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत : राम स्वरूप

**सवेरा न्यूज़/ जसवंत कठियाल**

पालमपुर, 23 अप्रैलः विज्ञान केन्द्र, पालमपुर (राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद की एक इकाई) द्वारा पृथ्वी दिवस पर कुछ शैक्षणकि कार्यक्रमों का आयोजन केंद्र परिसर में किया गया। विज्ञान केंद्र के संग्रहाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक राम स्वरूप ने कहा कि पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में हमारे अपने ग्रह के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। इसी कड़ी में पालमपुर विज्ञान केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक, राम स्वरूप ने एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को पृथ्वी दिवस का इतिहास, इसका महत्व तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव तथा इसकी गति काम करने के लिए



पृथ्वी दिवस पर पालमपुर के विज्ञान केंद्र में पृथ्वी के महत्व को जानते स्कूली बच्चे।

अपनी जीवन शैली में किस तरह के बदलाव किये जायें एवं इससे होने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया।

पृथ्वी एवं इसके वातावरण को संरक्षित करने संकला के साथ उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया। इसके पश्चात अतिशीतित द्रवों के साथ पदार्थों की पारस्परिक क्रिया विषय पर एक विज्ञान प्रदर्शन के द्वारा विद्यार्थियों एवं आम जनता को तरल नाइट्रोजन के साथ विभिन्न पदार्थों जैसे फूल-पित्तयों, रबड़, गुब्बारे आदि की क्रिया को रोचक ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिससे उनका बहुत मनोरंजन हुआ। एक चित्रकला प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता दर्ज की एवं उन्होंने बहुत ही सुंदर एवं संदेशप्रद चित्र बनाएं। यहां पर सभी दर्शकों एवं विद्यार्थियों के लिए ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें पृथ्वी एवं पर्यावरण, नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधन, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इत्यादि विषयों पर प्रश्न पूछे गए। इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम में पालमपुर और आस पास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों जैसे सेंट पॉल, पालमपुर, अनुराधा पिब्लक स्कूल, मरंडा, शाइनिंग स्टार ग्लोबल स्कूल, साईथुरल, जवाहर नवोदय विद्यालय, कांगड़ा, माउंट कार्मल स्कूल, ठाकुरद्वारा से आए 81 विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं सुधिजनों ने शिरकत की।

## हिमालयी दमस्क गुलाब पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# के किसानों के लिए सुगंधित खेती व तेल एक सुनहरा भविष्य : नवनीत कौर

Palampur Samachar
Yesterday at 07:02 ·

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में हमारे अपने ग्रह के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए पालमपुर विज्ञान केन्द्र, पालमपुर (राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद की एक इकाई) द्वारा कुछ शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन केन्द्र परिसर में किया गया ।

इन्हीं के अंतर्गत पालमपुर विज्ञान केन्द्र के संग्रहाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक, श्री राम स्वरूप ने एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को पृथ्वी दिवस का इतिहास, इसका महत्व तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव तथा इसकी गति काम करने के लिए अपनी जीवन शैली में किस तरह के बदलाव किये जायें एवं इससे होने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया । पृथ्वी एवं इसके वातावरण को संरक्षित करने संकल्प के साथ उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया । इसके पश्चात 'अतिशीतित द्रवों के साथ पदार्थों की पारस्परिक क्रिया' विषय पर एक विज्ञान प्रदर्शन के द्वारा विद्यार्थियों एवं आम जनता को तरल नाइट्रोजन के साथ विभिन्न पदार्थों जैसे फूल-पत्तियों, रबड़, गुब्बारे आदि की क्रिया को रोचक ढंग से प्रदर्शित किया गया जिससे उनका बहुत मनोरंजन हुआ। तद्पश्चात एक चित्रकला प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता दर्ज की एवं उन्होंने बहुत ही सुंदर एवं संदेशप्रद चित्र बनाएँ ।

अंत में सभी दर्शकों एवं विद्यार्थियों के लिए ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें पृथ्वी एवं पर्यावरण, नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधन, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इत्यादि विषयों पर प्रश्न पूछे गए । इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गए ।

कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया । इस दौरान स्वच्छता एवं स्वच्छ भारत से संबंधित डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया तथा प्रतिभागियों से स्वच्छता संबंधी प्रश्नोत्तरी की गई ।

कार्यक्रम में पालमपुर और आस पास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों जैसे सेंट पॉल, पालमपुर ; अनुराधा पब्लिक स्कूल, मरंडा ; शाइनिंग स्टार ग्लोबल स्कूल, साईथुरल; जवाहर नवोदय विद्यालय, काँगड़ा; माउंट कार्मल स्कूल, ठाकुरद्वारा से आए 81विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं सुधिजनों ने शिरकत की । पृथ्वी को भी एक जीवित जीव के रूप में देखने एवं इसके साथ हो रहे अत्याचरों जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, तेजी से पिघलते ग्लेशियरों, समुद्र स्तर का बढ़ना आदि पर पर लगाम लगा कर आम जन मानस को पृथ्वी की व्यथा के प्रति अवगत करवाने की प्रतिज्ञा के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई ।

